हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 9 मार्च 2025

मेट्रो सिटी

रोजदारों के लिए एक पैग़ाम....

रमज़ानुल मुबारक

इफ़्तारी: सूर्यास्त अर्थात आफ़ताब के ग़ुरूब हो जाने का यक़ीन हो जाने के बाद इफ़्तारी में देर करना मकरूह है। हां जब बादल वग़ैरह की वजह से शंका, शुबहा हो जाए तो दो-चार मिनट इंतज़ार कर लेना बेहतर और उत्तम है और नक्शे या टाइम टेबल में दिए गए वक्त से 3 मिनट की एहतियात बहरहाल करना चाहिए। हुज़ूर सल्लल्लाहू अ़लैहि वसल्लम ने इरशाद फ़रमाया कि जब तुम में से किसी का रोज़ा हो तो वह खजूर से इफ़्तार करे। (रवाह अहमद, अबू दाऊद, तिर्मीज़ी अगर खजूर ना पाए तो फिर पानी ही से इफ़्तार करे इसलिए कि अल्लाह तआ़ला ने पानी को तहूर यानी पवित्र बनाया है। (फ़िक़हुल इबादात-334).

< रोज़ा 8 वां रविवार समय सहरी: 05:10 और इफ़्तार 06: 27.

अमृता फडणवीस ने केक काटकर महिला दिवस मनाया

महिला उद्यमियों की बैठक में प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया

नागपुर.

महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। हर महिला देश के विकास में योगदान दे रही है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, उनके कार्यों से प्रेरणा लें और ऊंची उड़ान भरने का संकल्प लें, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने महिला दिवस पर नारी शक्ति को शुभकामनाएं दीं।

मंच पर सुप्रसिद्ध गायिका, सामाजिक कार्यकर्ता अमृता फडणवीस, नगर आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी, अतिरिक्त आयुक्त आंचल गोयल, उपायुक्त डा. रंजना लाडे, अश्विनी जिचकर, डॉ. अनुश्री चौधरी उपस्थित थीं। कार्यक्रम में अमृता फडणवीस ने मंच पर उपस्थित प्रतिष्ठित महिलाओं के साथ केक काटकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर नागपुर शहर की प्रतिभाशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

नियोक्ता बनने के लिए अपने कौशल का उपयोग करें: अमृता फडणवीस

हर महिला में कई कौशल होते हैं। इस कौशल का उपयोग हमारे दैनिक कार्यों में होता है। इसी कौशल का उपयोग अपने परिवार के उत्थान के लिए करें, इसका उपयोग उद्यमी बनने के लिए करें और अपने उद्योग के माध्यम से दूसरों के लिए रोजगार सृजक बनें, यह मंत्र प्रसिद्ध गायिका और सामाजिक कार्यकर्ता अमृता फड़नवीस ने महिलाओं को दिया है। उन्होंने लिज्जत पापड़ की ज्योति नाइक और ब्रिटानिया की विनीता वाली जैसी महिलाओं का उदाहरण दिया, जिन्होंने घर का काम करके अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया।फडणवीस ने नागपुर नगर निगम की महिला उद्यमियों की बैठक की सराहना की। उन्होंने इस समारोह की सराहना करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तिकरण का जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर है।

पारंपरिक परिधानों का प्रदर्शन किया

नागपुर महानगरपालिका की महिला उद्यमी बैठक में शनिवार को 'फैशन शो' का आयोजन किया गया। इस फैशन शो में नागपुर नगर निगम की महिला कर्मचारी, एलएडी फैशन डिजाइनिंग कॉलेज की छात्राएं और मेले में महिला स्टॉल धारकों ने भाग लिया। फैशन शो में महिला कर्मचारियों, छात्राओं और स्टॉल धारकों ने विभिन्न पारंपरिक परिधानों में शानदार प्रदर्शन किया।

महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए गौरवान्वित करें

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और अमृता फड़नवीस द्वारा महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। डॉ सुषमा देशमुख, साची जीवन, जोया सिराज शेख, अरुणा कोहाड़, प्रमिला राउत, निर्मला अंजिकर, सुनीता मेश्राम, शोभाबाई सोनटक्के और सुरभि जायसवाल सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को गणमान्य लोगों ने मनपा की ओर से मानद दुपट्टा, प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

जरीपटका में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम

>मुख्य अतिथि चित्रा ठाकुर ने नारी शक्ति को किया सम्मानित

नागपुर. जरीपटका नागपुर स्थित राजकुमार केवलरामानी हाय स्कूल व कनिष्ठ कन्या महाविद्यालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के निमित्त चित्रा ठाकुर (प्रेसिडेंट जेसीआई स्माइल) के मुख्य आतिथ्य, प्रिंयका गुप्ता (वाईस प्रेसिडेंट जेसीआई स्माइल) के विशेष आतिथ्य, महाविद्यालयीन प्रबंधन के अध्यक्ष प्रा. विजय केवलरामानी की अध्यक्षता, प्राचार्या नीलम आहुजा, अंबिका खुंतेय(जेसीआई सोशल मार्केटिंग हेड), एंड पिंकी कुकवासे (जेसीआई मेंबर), पर्यवेक्षिका राजेंद्रकौर सपरा की प्रमुख उपस्थिति में सोत्साह संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि चित्रा ठाकुर ने कहा की महिला अब अबला नहीं, बल्कि सबला है। वह किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, बल्कि हर क्षेत्र और हर स्तर पर महिला निरंतर आगे बढ़ रही है। नारी का एक रूप होता है, लेकिन वह विभिन्न रूपों में अपनी भूमिका निभाती है। वह एक माता, बहन, बेटी, पत्नी और बहु के रूप में कार्य करती है, और इन भूमिकाओं को निभाते हुए उसे अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसी कारण, नारी की शक्ति असीमित है। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रा विजय केवलरामानी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है, और इसका उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का उत्सव मनाना है क्योकि नारी का सम्मान, राष्ट्र का अभिमान है। भारत देश मे नर से पहले नारी का नाम लिया जाता है, जैसे राधा-कृष्ण, सीता-राम, लक्ष्मी-नारायण आदि । नारी का सम्मान विश्व में सबसे ज्यादा भारत देश मे ही किया जाता है भारत देश में विदया की देवी माँ सरस्वती, धन की देवी माँ लक्ष्मी, शौर्य की देवी माँ दुर्गा और सबसे अंत में भारत माता की जय भारत देश मे ही बोला जाता है।

प्राचार्या नीलम आहुजा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत 1900 के दशक की शुरुआत में हुई थी, जब महिलाओं ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना शुरू किया था। सबसे पहले 1909 में अमेरिका में महिला दिवस मनाया गया।। नारी अपनी शक्ति, अपने अधिकारो को पहचाने, अपने को कमजोर न समझे बल्कि महिलाए स्वावलंबी होकर पूर्णत: सक्षम बने व देश व राष्ट्र के विकास में अपना योगदान हमेशा देती रहे।

एंड पिंकी कुकवासे ने कहा की हम आज महिला दिवस अपने अधिकारों की माँग करने के लिए नही मना रहे बल्कि अपनी व समाज की मानसिकता बदलने के लिए मना रहे हैं। राजेंद्रकौर सपरा हमें अधिकारो के साथ – साथ कर्तव्य का पालन करना चाहिए तथा अपने आप –पास महिला सशक्तिकरण पर भी ध्यान देना चाहिए जिससे की हमारा समाज व देश एक नई सोच की ओर अग्रसर हो सके। कार्यक्रम मे सर्वश्री सुषमा कविता राऊत, कविता गणेश वाकोडिकर, संगीता अरंविद राऊत, मंदा मेघ्श्याम नंदनवार, गुरुप्रितकौर रागांड, रेखा चव्हाण, जयश्री मोजू, श्वेता जितेन्द्र वासनिक, निशा टेभुर्णे, सुनीता ओमकारकर, दीपा सोनटक्के प्रमुख रुप से उपस्थित थे। इस अवसर पर माता-पालक गण को विशेष रूप से सम्मानित करने के लिए विशेष स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, और उन्हें विशेष प्रकार के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन एकादशी जैतवार व आभार प्रदर्शन शोभना दुबे ने किया।

घरफोड़ी करने वाला आरोपी हिरासत में

> दो मामले उजागर

नागपुर. शहर में बढ़ती चोरी की घटनाओं के बीच क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घरफोडी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो मामलों का खुलासा किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 दिसंबर 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच नंदनवन थाना क्षेत्र के शक्तीमाता नगर में सुरेश मनोहर शेंडे (54) के घर में चोरी हुई थी। जब वे अकोला में पारिवारिक कार्यक्रम में गए हुए थे, तभी अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर करीब 60,000 रुपये के चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इस घटना की शिकायत पर नंदनवन पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। तकनीकी जांच से आरोपी तक पहुंची पुलिस क्राइम ब्रांच यूनिट 4 की टीम ने तकनीकी जांच के आधार पर देवांग उर्फ मिट्टा नरेंद्र मराठे (19) कपिल नगर, नारी रोड निवासी को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी अमोल चाफेकर के साथ मिलकर यह चोरी करने की बात कबूल की। आगे की पूछताछ में आरोपी ने कोराडी थाना क्षेत्र में भी एक और घरफोडी करने की बात स्वीकार की, जिसमें उसने उस्मान खान अकबर खान (21) कौशल्या नगर, निवासी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 27,700 रुपये मूल्य के चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी को नंदनवन पुलिस के हवाले कर दिया गया है, जबकि दोनों फरार आरोपियों की तलाश जारी है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई को पुलिस उप आयुक्त राहुल माकणीकर और सहायक पुलिस आयुक्त अभिजीत पाटील के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक कमलाकर गड्डीमे और उनकी टीम ने मिलकर अंजाम दिया।

मजदूरों के बच्चों का भविष्य संवारने के लिए सरकार की पहल

> नागपुर क्षेत्र में 17 करोड़ से अधिक की शैक्षणिक सहायता वितरित

नागपुर. महाराष्ट्र सरकार द्वारा पंजीकृत मजदूरों के बच्चों को शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का लाभ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मजदूरों के बच्चों को शिक्षा के लिए 17 करोड़ 72 लाख 76 हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इस सहायता में कक्षा 7वीं तक, 8वीं से 10वीं, 11वीं-12वीं के छात्रों के लिए शैक्षणिक सहायता और 10वीं व 12वीं उत्तीर्ण छात्रों के लिए प्रोत्साहन राशि शामिल है। महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याणकारी मंडल की स्थापना महाराष्ट्र भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक नियम, 2007 के तहत की थी, जिसके माध्यम से पंजीकृत मजदूरों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना और उनके आर्थिक बोझ को कम करना है।

23 हजार से अधिक बच्चों को 8 करोड़ रुपये की सहायता

नागपुर क्षेत्र में 23,632 मजदूरों के बच्चों को 8 करोड़ 35 लाख 56 हजार रुपये की शैक्षणिक सहायता प्रदान की गई। इस योजना के तहत स्कूल में 75% या उससे अधिक उपस्थिति रखने वाले बच्चों को कक्षा 1 से 7 तक 2,500 रुपये प्रति वर्ष और कक्षा 8 से 10 तक 5,000 रुपये प्रति वर्ष की सहायता दी जाती है। इस योजना के अंतर्गत सबसे अधिक लाभ वर्धा जिले के बच्चों को मिला, जहां 11,681 विद्यार्थियों को 4 करोड़ 20 लाख 45 हजार रुपये प्रदान किए गए। नागपुर जिले में 7,281 छात्रों को 2 करोड़ 53 लाख 50 हजार रुपये, भंडारा में 337 छात्रों को 11 लाख 32 हजार 500 रुपये, गोंदिया में 1,959 छात्रों को 69 लाख 60 हजार रुपये, चंद्रपुर में 196 छात्रों को 6 लाख 90 हजार रुपये, और गड़चिरोली में 2,178 छात्रों को 73 लाख 87 हजार 500 रुपये की सहायता प्रदान की गई।

11वीं-12वीं के छात्रों को 7 करोड़ रुपये की सहायता

मजदूरों के बच्चों को कक्षा 11वीं और 12वीं की पढ़ाई के लिए 10,000 रुपये प्रति वर्ष की शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत 7,193 छात्रों को कुल 7 करोड़ 19 लाख 30 हजार रुपये वितरित किए गए। इस सहायता का सबसे बड़ा लाभ वर्धा जिले के 4,462 छात्रों को मिला, जिन्हें 4 करोड़ 46 लाख 20 हजार रुपये प्रदान किए गए। नागपुर जिले में 1,605 छात्रों को 1 करोड़ 60 लाख 50 हजार रुपये, भंडारा जिले में 80 छात्रों को 8 लाख रुपये, गोंदिया जिले में 544 छात्रों को 54 लाख 40 हजार रुपये, चंद्रपुर जिले में 57 छात्रों को 5 लाख 70 हजार रुपये, और गड़चिरोली जिले में 445 छात्रों को 44 लाख 50 हजार रुपये की सहायता दी गई।

10वीं व 12वीं उत्तीर्ण छात्रों को 2 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि

सरकार ने मजदूरों के उन बच्चों को भी प्रोत्साहित किया है जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त किए हैं। ऐसे छात्रों को 10,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना के तहत 2,179 छात्रों को 2 करोड़ 17 लाख 90 हजार रुपये की सहायता प्रदान की गई। वर्धा जिले में सबसे अधिक 1,424 छात्रों को 1 करोड़ 42 लाख 40 हजार रुपये की सहायता दी गई। नागपुर जिले में 398 छात्रों को 39 लाख 80 हजार रुपये, भंडारा में 13 छात्रों को 1 लाख 30 हजार रुपये, गोंदिया में 122 छात्रों को 12 लाख 20 हजार रुपये, चंद्रपुर में 19 छात्रों को 1 लाख 90 हजार रुपये, और गड़चिरोली जिले में 203 छात्रों को 20 लाख 30 हजार रुपये की सहायता दी गई।

सरकार की शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल

राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना मजदूरों के बच्चों को शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी छात्र सिर्फ आर्थिक तंगी की वजह से अपनी पढ़ाई न छोड़ें। इस पहल से न केवल मजदूर परिवारों का भविष्य उज्ज्वल होगा, बल्कि समाज में शिक्षा का स्तर भी ऊंचा उठेगा।

नागपुर एयरपोर्ट विस्तार: शिवनगांव के 185 परिवारों को भूखंड वितरण

नागपुर. नागपुर एयरपोर्ट विस्तार का काम तेजी से शुरू है। एक तरफ जहां नए रनवे के लिए भूमि का अधिग्रहण का काम लगभग पूरा हो गया है, वहीं दूसरी तरफ परियोजना से प्रभावित लोगों को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित करने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में शिवनगांव के प्रभावित 185 परिवारों को एमएडीसी द्वारा भूखंड का वितरण किया गया। लकी ड्रा के माध्यम से इन परिवारों को प्लॉट वितरित किया गया। राज्य में देवेंद्र फडणवीस की अगुवाई में सरकार गठन के बाद नागपुर एयरपोर्ट के विस्तार का काम तेजी से शुरू हो गया है। पिछले दिनों मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रस्तावित क्षेत्र में किये निर्माण को हटाया गया। इसी के साथ इस परियोजना से जो लोग प्रभावित हैं उनके पुनर्वसन का काम भी तेजी से करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया था। महाराष्ट्र एयरपोर्ट डेवलपमेंट कंपनी ने नागपुर जिलाधिकारी कार्यालय के सहयोग से शिवनगांव के प्रभावित परिवारों और लोगों भूखंडो की का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, मिहान सेज़ के केंद्रीय सुविधा भवन के सम्मेलन हॉल में भूखंड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

वाहन चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

> 08 मामले उजागर

नागपुर. कलमना पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के कब्जे से कुल 08 चोरी के वाहन बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार दिनांक 31 जनवरी 2025 की रात 7:30 बजे से 1 फरवरी 2025 की सुबह 07:30 बजे के बीच कलमणा थाना क्षेत्र के भारत नगर में रहने वाले शिकायतकर्ता चंदुलाल जाधवजी पटेल (57) की एक्टिवा चोरी हो गई थी। इस घटना की शिकायत कलमना पुलिस से की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलमणा पुलिस ने तकनीकी जांच और गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में रिषभ श्यामा असोपा (27 वर्ष) – निवासी वर्धमान नगर, लकड़गंज और देवेन्द्र उर्फ बब्बू गोपाल दुबेले (30 वर्ष) – निवासी विजय नगर, कलमना का समावेश है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने सिर्फ इस घटना की ही नहीं, बल्कि अन्य 08 वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की। इनमें कलमणा की (2) लकडगंज (1), जरीपटका (1), पारडी (1), नंदनवन (1) और कोतवाली (1) थाना क्षेत्र के मामले शामिल हैं। पुलिस ने इन आरोपियों के पास से 08 चोरी के वाहन बरामद किए हैं और आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई को पुलिस उपायुक्त निकेतन कदम और सहायक पुलिस आयुक्त विशाल क्षीरसागर के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रविण काळे, सहायक पुलिस निरीक्षक शशिकांत मुसळे, पुलिस अधिकारी बाळा साकोरे, विशाल अंकलवार, विशाल भैसारे, वसीम देसाई, ललित शेंडे और अविनाश चव्हाण की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

एनएमएसएसएस ने की महिला सशक्तिकरण के लिए 30 सिलाई मशीनें वितरित

नागपुर.

आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से, नागपुर बहुउद्देशीय सामाजिक सेवा संस्था (एनएमएसएसएस) ने "एम्पोवेरिंग फार्मर्स इन इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट फेज -III" परियोजना के तहत महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम नागपुर जिले के पाद्री थाणा में संपन्न हुआ, जिसमें 15 गांवों की 30 जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। इस परियोजना को मनोस उनिदास ने सहयोग दिया. इस पहल का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर, विधवा, एकल माता, भूमिहीन तथा अन्य वंचित महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। सिलाई मशीन प्राप्त करने के बाद ये महिलाएं स्वयं का व्यवसाय शुरू कर सकेंगी, जिससे उन्हें आर्थिक स्थिरता मिलेगी। कार्यक्रम में महाधर्माध्यक्ष एलियास गोंसाल्विस, एनएमएसएसएस के संचालक रेव्ह. फादर बलाराज मदानू, पारिश पुरोहित फादर मैथ्यू, संस्थान के सिस्टर्स तथा एनएमएसएसएस कर्मचारी उपस्थित थे।

महाधर्माध्यक्ष एलियास गोंसाल्विस ने इस अवसर पर महिलाओं के सशक्तीकरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा, "महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। जब वे सशक्त होती हैं, तो पूरा परिवार और समाज प्रगति करता है। हमें महिलाओं को अवसर और समर्थन प्रदान करना चाहिए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।"

एनएमएसएसएस के संचालक रेव्ह. फादर बलाराज मदानू ने कहा, "सशक्तीकरण सिर्फ संसाधन प्रदान करना नहीं है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करना भी जरूरी है। सही मार्गदर्शन और समर्थन से महिलाएं खुद अपने लिए सफलता का मार्ग खोज सकती हैं। एनएमएसएसएस इस यात्रा में हर कदम पर उनका साथ देने के लिए प्रतिबद्ध है।"

एनएमएसएसएस की परियोजना प्रबंधक और सामाजिक कार्यकर्ता परीजा विवेक मून ने भी महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आर्थिक आत्मनिर्भरता से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है और वे अपने परिवार के उज्ज्वल भविष्य के लिए सक्षम बनती हैं।

यह कार्यक्रम महिलाओं की ताकत, संघर्षशीलता और आत्मनिर्भरता का एक प्रतीक बना। जब महिलाओं को सही अवसर और सहयोग मिलता है, तो वे केवल स्वयं का विकास नहीं करतीं, बल्कि पूरे समाज की प्रगति में योगदान देती हैं।

CMYK

'चित्ररंग' फिल्म महोत्सव का भव्य आयोजन

रामटेक.

कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के "चित्रलहरी" फिल्म क्लब ने अपने दूसरे चित्रपट महोत्सव "चित्ररंग" का सफल आयोजन किया। यह महोत्सव फिल्म क्लब की स्थापना के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया गया।

महोत्सव का उद्घाटन कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी, छात्रकल्याण संचालक प्रो. जयवंत चौधरी, परिसर निर्देशक प्रो. हरेकृष्ण अगस्ती और शास्त्रविद्या गुरुकुल के संचालक राघवेंद्र भट्ट के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कुलपति महोदय ने छात्रों के बीच रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के महत्व पर प्रकाश डाला और "चित्रलहरी" फिल्म क्लब के आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए प्रोत्साहन दिया। उद्घाटन समारोह का संचालन अथर्व भारद्वाज ने किया, प्रस्तावना डॉ. आशिष जे ने प्रस्तुत की, और आभार प्रदर्शन नुपूर कुलकर्णी ने किया।

महोत्सव के अंतर्गत 'थिएटर एंड मॉडर्न फिल्म क्रिटिसिज्म' विषय पर चर्चासत्र का आयोजन किया गया, जिसमें यथार्थ जाधव, रुपेश पवार और राजेंद्र मेश्राम जैसे विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन किया।

इस सत्र का संचालन देविका हिंगणीकर और आदर्श तिवारी ने किया। चर्चा में नाटक और सिनेमा की समझ, उनके मनोवैज्ञानिक प्रभाव, कला फिल्मों व व्यावसायिक फिल्मों में अंतर, और प्रायोगिक व व्यावसायिक नाटक की विशेषताएं जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। संस्कृत रंगमंच और फिल्मों से जुड़े प्रश्नों पर छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

लघु फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन

महोत्सव के दूसरे दिन, 8 मार्च, को लघु फिल्म स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पांच लघु फिल्मों "मर्डर एक्ट", "मंकी हिल", "द ब्रोकन टेबल ", "ओढ़ - लोंगिंग" और "बया" को प्रदर्शित किया गया। इसके बाद "चित्रलहरी" फिल्म क्लब के प्रमुख अथर्व भारद्वाज ने फिल्म पर चर्चा सत्र आयोजित किया। इस चित्ररंग फिल्म महोत्सव में 300 से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया और पूरे उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। कार्यक्रम का समापन विश्वविद्यालय के छात्रों के शानदार सत्र के साथ हुआ, जिसने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

ड्रैगन पैलेस में महिला दिवस पर उत्कृष्ट महिलाएं सम्मानित

महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए: डीसीपी रश्मिता राव

कामठी.

भारत को एक पुरुष प्रधान देश के रूप में जाना जाता है, लेकिन डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने देश के संविधान में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी समानता का अधिकार दिया, क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा के लिए दरवाजे खोले, आज महिलाएं डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, आईएएस, आईपीएस अधिकारी, पायलट बन रही हैं। लेकिन दूसरी ओर महिलाओं पर अत्याचार, अन्याय, बलात्कार जैसी घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इसलिए समाज को महिलाओं के प्रति अपना दृष्टिकोण बदलने की जरूरत है।" यह विचार पूर्व राज्यमंत्री व ड्रैगन पैलेस टेंपल प्रमुख एड. सुलेखा कुंभारे ने अध्यक्षीय भाषण में विश्व महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

विश्व महिला दिवस के अवसर पर, ड्रॅगन पॅलेस परिसर में 'निर्धार' महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा शनिवार को 'निर्धार पुरस्कार 2025 वितरण समारोह' का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री और 'निर्धार' महिला एवं बाल विकास समिति की संस्थापक एड. सुलेखा कुंभारे ने की, कार्यक्रम का उद्घाटन नागपुर परिमंडल 4 की पुलिस उपायुक्त रश्मिता राव ने किया। सबसे पहले, अतिथियों द्वारा क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद, पुलिस उपायुक्त रश्मिता राव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महिला हर तरह से सक्षम हैं। महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएँ हैं, जिनका उन्हें लाभ उठाना चाहिए, साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई कानून भी हैं, इसलिए महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़कर समाज में सम्मानजनक स्थान हासिल करना चाहिए, ऐसा पुलिस उपायुक्त रश्मिता राव ने अपने भाषण में व्यक्त किया। इस अवसर पर नागपुर महानगरपालिका की पूर्व महापौर अर्चना डेहनकर, सामाजिक कार्यकर्ता व कामठी महिला संघ की विद्या भिमटे, उद्योजिका डॉ. रिचा जैन, रोशनी गायकवाड ने भी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को शॉल, पुष्पगुच्छ और 'निर्धार पुरस्कार 2025' स्मृति चिन्ह देकर एड. सुलेखा कुंभारे और पुलिस उपायुक्त रश्मिता राव के हस्ते सम्मानित किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से सामाजिक क्षेत्र में जनआक्रोश के माध्यम से कार्य करने वाली नंदिनी पिंपलापुरे, राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करने वाली नागपुर महानगरपालिका की पूर्व महापौर अर्चना डेहनकर, अनेक पुस्तकों के माध्यम से आंबेडकरी आंदोलन को महत्वपूर्ण योगदान देने वाली साहित्यकार मालती साखरे, शैक्षणिक क्षेत्र के लिए डॉ. नुसरत मिन्नो जूनियर और सीनियर महिला सॉफ्टबॉल टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली और भारतीय टीम में चयनित रहनुमा आलम को भी सम्मानित किया गया। औद्योगिक क्षेत्र में अपनी पकड़ बनाने वाली और अनेक पुरस्कारों से सम्मानित रिचा जैन और चिकित्सा क्षेत्र के लिए डॉ. शिल्पी जोहरे आदि को "निर्धार महिला पुरस्कार 2025" प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान, ड्रैगन इंटरनेशनल स्कूल और कामठी महिला संघ ने विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रास्ताविक रजनी लिंगायत ने दिया और रेखा भावे ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन विशाखा पाटील और निशा फुलझेले ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

ग्राम पंचायत वायगांव (घो) में महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

वायगांव.

ग्राम पंचायत वायगांव (घो) में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच पंकज गायधने ने की। दीप प्रज्वलित कर महापुरुषों को अभिवादन किया गया, जिसके बाद आंगनवाड़ी सेविकाओं, मदतनीस कर्मचारियों और अन्य महिलाओं को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सदस्य हर्षा नंद भगत, सिद्धी शर्मा, किरण पाल, भाग्यश्री पटेल, विशाखा नंदेश्वर समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्राम विकास अधिकारी अतुल लाडे ने सभा को संबोधित किया और महिलाओं के योगदान की सराहना की। कार्यक्रम की प्रस्तावना विशाखा नंदेश्वर ने की, जबकि संचालन सिद्धी शर्मा ने किया। अंत में, पूनम ढोरे ने सभी उपस्थितों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सदस्य अक्षय झाड़े, आशा ताई मने, चाकोले ताई, सुनीता ताई, कर्मचारी वर्ग और कई महिलाएं उपस्थित रहीं। महिला दिवस समारोह में महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके सशक्तिकरण पर भी चर्चा की गई।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर म्हसाडा में उत्साहपूर्वक मना विश्व महिला दिवस

कोंढाली.

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोंढाली में विश्व महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा गायकवाड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत सरपंच वत्सला ताई युवानते उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत महिला सशक्तिकरण की प्रतीक सावित्रीबाई फुले और ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पूजन के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न खेल, सांस्कृतिक और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें महिला स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों और परिचारिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन

नेहा समर्थ (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, म्हसाडा) और युनिता कोसे (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, पंजरा) ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में शीतल तायडे, कोमल मेश्राम, भावना नंदा गवली, शुभांगी बावस्कर, रूपाली तिड़के सहित कई स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और महिला परिचारिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से सुनंदा साठे, योगिता पांडे, दीपाली उमाले, संगीता राऊत, ज्योति पाटिल, मंगला धोंगड़े, जया दंदारे, अश्विनी पाटिल, प्रिया पाटिल, पूजा चांदेकर, शिल्पा नेवारे, नीलू कालबांडे, मंजूषा गोंडाने समेत सभी महिला स्वास्थ्यकर्मियों ने कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। महिला परिचारिकाओं पुष्पाबाई चिकनकर, दुर्गा गायकवाड़, अर्चना लकड़े, कल्पना वैरागड़े, कविता राऊत, जिजा तांदले, संगीता कोरडे, आशाताई, अलकाताई लोनगाडगे, वनिता मसराम आदि ने भी इस अवसर पर सहयोग दिया। इस कार्यक्रम ने महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

कोंढाली.

लाखोटिया भुताडा सीबीएसई हाईस्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष केदारपवार, उप-प्राचार्य योगेश चौधरी, वरिष्ठ शिक्षक पंकज ठवले, वासुदेव कामडी तथा वरिष्ठ लिपिक सुनीता ठवले की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत मधुर गीत से की गई, जिसके बाद छात्राओं ने प्रेरणादायक भाषण दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत रंगारंग नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिससे पूरे माहौल में ऊर्जा और उमंग भर गई। साथ ही, मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर रंजना बोरकर और स्वेता देशभ्राता ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिला दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई, जिसमें समाज में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया गया। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि इससे छात्रों को महिलाओं की भूमिका और उनकी उपलब्धियों के प्रति जागरूक करने का भी अवसर मिला।

भारतीय ज्ञान परंपरा में युवा अनुवादक निभाएंगे अहम भूमिका: डॉ. हरेराम त्रिपाठी

> कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय अनुवाद कार्यशाला संपन्न

रामटेक.

भारतीय भाषा समिति, उच्च शिक्षा मंत्रालय (भारत सरकार), लालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (नई दिल्ली) और कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय (रामटेक) के संयुक्त तत्वावधान में 3 से 7 मार्च तक पाँच दिवसीय अनुवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के स्व. कमलाकर तोतड़े सभागार में 7 मार्च को संपन्न हुई।

समापन समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने की। उन्होंने कहा, "भारतीय ज्ञान परंपरा में युवा अनुवादक उत्कृष्ट कार्य करेंगे। इस कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी अनुवाद के इस ज्ञान को आत्मसात कर क्षेत्र में नई क्रांति लाएंगे।"

इस अवसर पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय के पूर्व संकाय प्रमुख प्रो. कृष्णकांत शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं, विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डॉ. रामचंद्र जोशी और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (नागपुर क्षेत्रीय निदेशक) डॉ. लक्ष्मण कुमारवाड विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. रामचंद्र जोशी ने कहा कि "अनुवाद केवल भाषांतरण नहीं, बल्कि एक कला है, जो उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है।"

वहीं, डॉ. लक्ष्मण कुमारवाड ने कहा कि "अनुवाद पर उत्कृष्ट पाठ्यक्रम तैयार किए जा सकते हैं और विश्वविद्यालय इसमें पूरी तरह सक्षम है।" कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. कृष्णकांत शर्मा ने कहा कि "संस्कृत भाषा का अनुवाद सरल नहीं है, लेकिन यह असंभव भी नहीं। भाषा का गहन ज्ञान होने पर अनुवाद सहज हो जाता है।" उन्होंने अपने विचारों को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की अधिष्ठाता प्रो. ललिता चंद्रात्रे, संस्कृत तथा संस्कृतेतर भाषा संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पराग जोशी, व्याकरण विभाग के प्रमुख एवं छात्र कल्याण विभाग के निदेशक प्रो. जयवंत चौधरी, तथा कार्यशाला के संयोजक डॉ. ऋषिकेश दलाई और डॉ. अनिल कुमार दुबे सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सचिन द्विवेदी ने किया, जबकि प्रस्तावना डॉ. ऋषिकेश दलाई ने प्रस्तुत की। आभार प्रदर्शन कार्यशाला के संयोजक डॉ. अनिल कुमार दुबे (संचालक, सी.डी.ओ.ई.) ने किया।

इस कार्यक्रम की सफलता में श्रद्धा देवपुजारी, श्रीवरदा मालगे, डॉ. शिवली चक्रवर्ती, डॉ. चंदन पाल, कृणाल महाजन, रेणुश्री बनसोड, मेल्दिन नोरो, पवन कलम्बे, महेंद्र वाघमारे, कमलेश टकरेले, दिव्या लाहोरे, सरिता कामडी सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

आग में 500 संत्रा-मोसंबी के पेड़ और कृषियंत्र जलकर राख

> किसान को लाखों का नुकसान

कलमेश्वर.

मांडती गांव के पास स्थित 18 एकड़ के खेत में लगी भीषण आग से 5 एकड़ में फैले संत्रा और मोसंबी के 500 पेड़ जलकर खाक हो गए। इसके अलावा, ठिबक सिंचाई (ड्रिप इरिगेशन) प्रणाली भी पूरी तरह नष्ट हो गई। इस आग में किसान को लगभग 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। हालांकि, आग लगने का सही कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।

मांडती गांव के निवासी श्रीपाद फुटाणे की 18 एकड़ खेती है, जिसमें से 5 एकड़ में उन्होंने 150 संत्रा और 350 मोसंबी के पेड़ लगाए थे। ये पेड़ चार साल पुराने थे और जल्द ही फल देने वाले थे। महाशिवरात्रि के दिन दोपहर करीब 3 बजे खेत के पास पड़े सूखे घास-फूस में आग लग गई। आग तेजी से फैलकर पूरे खेत में फैल गई और कुछ ही देर में 500 पेड़ जलकर राख हो गए। आग की लपटें बढ़ती जा रही थीं, लेकिन स्थानीय नागरिकों ने अथक प्रयास कर आग को नियंत्रण में लाने की कोशिश की। हालांकि, तब तक पेड़ और सिंचाई प्रणाली पूरी तरह जल चुकी थी। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने कचरा या सूखी घास जलाने के कारण आग भड़क उठी।

किसान श्रीपाद फुटाणे के अनुसार, इस आग में कुल 8 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। लेकिन राजस्व विभाग के सर्वेक्षण में इस नुकसान को 5.40 लाख रुपये बताया गया है।

श्रीपाद फुटाणे सहित अन्य किसानों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग से नुकसान की भरपाई की मांग की है। उनका आरोप है कि पीडब्लूडी ने बिना अनुमति लिए पुल के निर्माण के लिए उनके खेत से वैकल्पिक रास्ता बनाया, जिससे उनकी जमीन को नुकसान हुआ। किसानों का कहना है कि पीडब्लूडी को इस आग और अन्य नुकसान की नैतिक जिम्मेदारी लेकर मुआवजा देना चाहिए।

रास्ता बंद होने से नहीं पहुंच पाई दमकल गाड़ी

मांडवी-तेलगांव रोड पर खुदाई और कंक्रीट निर्माण कार्य के कारण बीते तीन महीनों से श्रीपाद फुटाणे सहित अन्य किसानों का खेत तक पहुंचने का रास्ता बंद हो गया है। आग लगने के बाद मोहपा नगर परिषद की अग्निशमन गाड़ी बुलाई गई, लेकिन खेत तक रास्ता न होने के कारण उसे लौटना पड़ा। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से उचित मुआवजा देने और उनके रास्ते की समस्या का समाधान निकालने की मांग की है।

दरबार के सालाना उर्स में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

वाडी.

> निकाली गई भव्य चादर यात्रा

वाकी दरबार के सालाना उर्स के अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था और भक्ति के साथ भाग लिया। इस खास मौके पर वाडी से हरिश्चंद्र येणुरकर के यहां से पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ चादर निकाली गई, जो पिछले 21 वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। इस चादर यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे धार्मिक उल्लास के साथ दरगाह शरीफ तक जुलूस निकाला गया।

ढोल-ताशों की गूंज और सूफियाना कलामों की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने दरगाह में हाजिरी लगाई और अपनी मन्नतें मांगी। हर साल आयोजित होने वाले इस उर्स में दूर-दराज से लोग बड़ी श्रद्धा के साथ आते हैं।

इस बार भी मेले जैसा माहौल देखने को मिला। इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। वाकी दरबार के इस उर्स का खास महत्व माना जाता है, जहां हिंदू-मुस्लिम समेत सभी धर्मों के लोग एक साथ आकर श्रद्धा व्यक्त करते हैं।

इस आयोजन में हरीशचंद्र येनुरकर, गिर्धर गड़ेकर, सोनू अरोड़ा, शरद कर्मोरे, किरण राउत, दिलीप खानटे, किशोर बांद्रे, प्रकाश बोरकर, अरुण पाटील, गुणवंता साखरकर, भवराव राउत, गजानन बवानकर, प्रचूत अशतंकर, प्रमोद बवाने, प्रवीन येनुरकर, श्रेयस येनुरकर, रोशन येनुरकर, बबलू साठे, भाग्यश्री नसरे, मीनाक्षी घटोले, मंगेश बारडे, उमेश बारडे, गणेश बारडे, अंकित येनुरकर, रितिक कालबांडे, अनिकेत बवने, नवकारकर भाऊ, रितिक बांद्रे, हिराबाई गोमासे, इंदुबाई बांद्रे, लताबाई येनुरकर, सिंदुबाई येनुरकर, गजू राउत, निकेतन साठे समेत कई श्रद्धालु प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

भक्ति संगीत और महाप्रसाद

उर्स के दौरान भक्ति संगीत और सूफियाना कलामों की प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने भव्य महाप्रसाद का लाभ लिया और दरगाह में अपनी मन्नतें अर्पित कीं।

दूकान का शटर काटकर 11.50 लाख की चोरी

नागपुर. थानाक्षेत्र में अज्ञात चोर ने एक किराना दूकान से नगदी और गहनों समेत 11.50 लाख रुपये का माल उड़ा लिया। चोर ने शटर काटकर वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार वाठोड़ा निवासी राकेश चांदमल जैन (42) अपने घर में ही किराना दूकान चलाते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से वे सोने-चांदी के गहने लोहे की अलमारी में रखते थे। रोज की तरह रात को उन्होंने दूकान बंद की, लेकिन किसी अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से शटर काटकर भीतर प्रवेश किया और अलमारी में रखे गहने व 1.50 लाख रुपये नगद समेत कुल 11.50 लाख रुपये का सामान लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर लिया। अज्ञात आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात चोर की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके।

आरकेएस पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

नागपुर.

कमलादेवी खियानी बहु-उद्देशीय संस्था के तहत संचालित आरकेएस पब्लिक स्कूल (सीबीएसई) ने दुनिया भर में महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों को मान्यता देते हुए आज शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया है।

इस अवसर पर स्कूल सचिव उषा राजकुमार खियानी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और महिलाओं से अटूट विश्वास के साथ आगे बढ़ने का जोरदार आह्वान किया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती कीर्ति सोनी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के महत्व पर सभा को संबोधित किया।

स्कूल के कर्मचारियों और छात्रों ने इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किए हैं। शिक्षकों ने महिलाओं की उपलब्धि पर विशेष सभा का आयोजन किया।

छात्राओं में लिशिका सोनवाने, प्रिंसी धर्माणी, नैन्सी पोतदार, जानवी वरातकर, मनस्वी रामटेके, कशिश गजभिये, स्वीटी टेंभरे, निराली गौतम, आध्या हमने, महक कलबांधे ने भारत की सबसे शक्तिशाली महिलाओं का प्रतिनिधित्व किया और उनके कार्यों और उपलब्धियों के बारे में भी बताया। स्कूल के बच्चों और पुरुष कर्मचारियों ने महिला कर्मचारियों के लिए धन्यवाद अभियान का आयोजन किया।

छात्रों द्वारा रोल-प्लेइंग गतिविधि आयोजित की गई। कार्यक्रम के सफलतार्श रविन्द्र सिंह, दीपक सोलंकी, गुरमीत सिंह नामक शिक्षकों ने कड़ी मेहनत की है।

CMYK

आंजी में बनेगा 30 बेड का ग्रामीण अस्पताल; 80 गांवों को मिलेगा लाभ

> सुनील गफाट के संघर्ष को मिली सफलता

> स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा बड़ा सुधार

वर्धा.

वर्धा जिले के आंजी मो. गांव में 30 बेड का ग्रामीण अस्पताल बनने जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लगभग 80 गांवों को लाभ मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गफाट के लगातार प्रयासों के चलते यह अस्पताल मंजूर किया गया है। वर्धा, आर्वी, देवली और कारंजा के ग्रामीणों को अब इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

राजमार्ग पर बढ़ रही दुर्घटनाओं और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए लिया गया फैसला

आंजी मो. गांव वर्धा-आर्वी-कारंजा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है और एक महत्वपूर्ण गांव माना जाता है। हालांकि, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण ग्रामीणों को वर्धा या आर्वी जाना पड़ता था, जिससे कई बार मरीजों की जान भी चली जाती थी। खासकर, सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता था। इसी गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील गफाट ने ग्रामीण अस्पताल की मांग उठाई थी। 2016 में सुनील गफाट ने आंजी में ग्रामीण अस्पताल की मांग रखी थी। तत्कालीन विधान परिषद सदस्य अनिल सोले के माध्यम से सरकारी स्तर पर इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया गया। 2017 में जिला स्वास्थ्य विभाग ने प्रस्ताव तैयार कर उप

निदेशक और निदेशक स्वास्थ्य विभाग को भेजा, लेकिन कुछ त्रुटियों के चलते इसे मंजूरी नहीं मिल पाई। 2019 में तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस अस्पताल के निर्माण को मंजूरी दी थी। हालांकि, बाद में सरकार बदलने के कारण यह प्रोजेक्ट रुक गया। लेकिन जब भाजपा सरकार वापस आई, तो सुनील गफाट ने फिर से इस प्रोजेक्ट को शुरू करवाने के लिए प्रयास किए। विधायक राजेश बकाने और अभिभावक मंत्री डॉ. पंकज भोयर के सहयोग से आखिरकार आठ साल बाद इस अस्पताल को हरी झंडी मिल गई।

ग्रामीणों को मिलेगा बड़ा फायदा

इस अस्पताल के निर्माण से न केवल वर्धा तालुका बल्कि आसपास के लगभग 80 गांवों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। अब मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेगा और सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी।

26 करोड़ की धनराशि मंजूर, आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

आंजी में बनने वाले इस ग्रामीण अस्पताल के लिए प्रशासनिक मंजूरी के साथ 26 करोड़ 1 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह अस्पताल दो मंजिला होगा, जिसमें ग्राउंड फ्लोर और पहली मंजिल पर कुल 4846.96 वर्ग मीटर क्षेत्रफल होगा।

अस्पताल में मरीजों के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिनमें आंतरिक सड़कें, सीवेज सिस्टम, पानी की आपूर्ति, सीसीटीवी निगरानी, फायर प्रिवेंशन सिस्टम, लिफ्ट, डिफेंस वॉल, एयर-कंडीशनिंग सिस्टम आदि शामिल हैं।

इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दिलाने के लिए सुनील गफाट ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, तत्कालीन अभिभावक मंत्री सुधीर मुनगंटीवार, वर्तमान अभिभावक मंत्री डॉ. पंकज भोयर, पूर्व सांसद रामदासजी तडस, पूर्व विधायक अनिल सोले और विधायक राजेश बकाने का आभार व्यक्त किया है।

केडीएम पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न

वर्धा.

लक्ष्यादित्य एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित केडीएम पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं की भागीदारी और उनके अधिकारों को लेकर जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संस्था की संचालिका कंचनजी मुंधड़ा एवं एडवोकेट भारती ठाकरे थीं। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा से हुई। महिला दिवस के अवसर पर महिला अभिभावकों ने अपने छिपे हुए हुनर को उजागर किया और विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। मुख्य अतिथि एडवोकेट भारती ठाकरे ने महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनों की जानकारी देते हुए उनके उचित क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया। वहीं, कंचन मुंधड़ा ने भी महिलाओं को उनके हक और अधिकारों के प्रति

जागरूक किया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कविता वाडेकर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन अश्विनी इंगोले ने किया। इस अवसर पर सभी महिला कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, जिन अभिभावकों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, उन्हें भी प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका प्रीति इंगोले, प्राजक्ता घरोटे, चैताली नंदरधने, प्रीति ढोणे, मंजुषा नौकरकर, पूनम ठाकुर, श्वेता सांबारे, पूजा मून, मनीषा धुंडणे, प्रिया भुते, स्वाती कांबळे सहित सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस आयोजन में सभी महिला अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया।

कृषि में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान: डॉ. किशोर रेवतकर

हिंगनघाट.

कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान बेहद अहम है। वे न केवल कृषि कार्य में सक्रिय हैं, बल्कि स्व-सहायता समूहों के माध्यम से व्यवसाय भी कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय कृषक समाज, वर्धा जिला, महाराष्ट्र द्वारा गृह उद्योगों में कार्यरत महिलाओं के लिए मार्गदर्शन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. किशोर चंद्र रेवतकर ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं स्व-सहायता समूहों से प्रेरणा लेकर स्वयं का व्यवसाय शुरू करें, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कृषि कार्य में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. स्वाति येवतकर, डॉ. शीतल अवघडे, भारतीय कृषक समाज वर्धा जिला अध्यक्ष अजय मोहोड और दीपक वालदे उपस्थित थे। जिला अध्यक्ष अजय मोहोड ने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर महिला उद्यमियों को सम्मानित करना उनके उद्योगों को प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। भारतीय कृषक समाज किसानों और महिलाओं के लिए छोटे एवं बड़े पूरक उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कृषि खाद्य प्रसंस्करण व्यवसाय से जुड़ी स्व-सहायता समूह की सफल महिलाओं—छायाबाई भोंबले, कोमल महेंद्र शिरोड़े, नीलिमा सचिन भोपे और मंजूषा राजू बावने को सम्मानित किया गया। उन्हें स्मृति चिन्ह, शॉल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष छाया भोंबले ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने व्यवसाय शुरू करने में किन कठिनाइयों का सामना किया और कैसे सफलता हासिल की।

कार्यक्रम का संचालन धनशाम कदमधाड ने किया, जबकि आभार ज्ञापन राजू बाभुलकर और रतन असकर ने किया। इस अवसर पर पूर्वा चांभारे, सीमा तड़स, सोनल डिडमुढे, हर्षदा डंभारे, वैशाली सुपारे सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

उत्साहपूर्वक मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हिंगनघाट.

विद्या विकास हाई स्कूल एवं जूनियर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जया तुळसकर ने की। कार्यक्रम में विद्या विकास शैक्षणिक संस्थान, हिंगणघाट की निदेशक, विद्यालय के प्राचार्य नितेश रोडे, वरिष्ठ शिक्षिका लता गोल्हार, तथा मुख्य अतिथि लीला वैद्य उपस्थित थीं।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान की प्रतिमा की पूजा एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद डॉ. जया तुळसकर को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह व एक पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षिका लता गोल्हार ने महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि लीला वैद्य ने बीते वर्षों में महिलाओं की स्थिति में आए बदलावों को विस्तार से समझाया। विद्यालय के प्राचार्य नितेश रोडे ने अपने संबोधन में कहा कि आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों से नारी शक्ति की अमिट छाप छोड़ रही हैं। वहीं, अध्यक्षीय भाषण में डॉ. जया तुळसकर ने समाज में महिलाओं के सम्मान, समान अधिकारों और स्वतंत्रता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर और उचित सम्मान मिलेगा, तभी महिला दिवस मनाने का सही अर्थ पूरा होगा।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न वेशभूषाओं के माध्यम से नारी शक्ति के अलग-अलग रूपों को प्रस्तुत किया और गीत, कविता तथा भाषणों के जरिए महिला सशक्तिकरण के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का संचालन सुवर्णा तेलंग ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुवर्णा पर्बत ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सफलता में कोळसे, मानकर, सिडामे, टिपले, पुसदेकर, नाल्हे, खांदनकर और सोनाली राउत का विशेष योगदान रहा। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और जागरूकता की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल साबित हुआ।

'सुरांजलि 2025' फिल्म गीत गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

वर्धा.

जय महाकाली शिक्षण संस्था और अनुश्री आर्ट एकेडमी, वर्धा द्वारा स्व. लता मंगेशकर की स्मृति में विदर्भस्तरीय खुली फिल्म गीत गायन प्रतियोगिता "सुरांजलि 2025" का आयोजन रविवार, 4 मार्च 2024 को शिवशंकर हाउस, अग्निहोत्री कॉलेज परिसर, रामनगर, वर्धा में किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्घाटन पं. शंकर प्रसाद अग्निहोत्री के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि "लता मंगेशकर के गीतों को याद करना, स्वयं को आनंदित करने जैसा है।" इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में विदर्भ के 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 10 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह पं. शंकर प्रसाद अग्निहोत्री, अभिजीत अग्निहोत्री, डॉ. प्रियल श्रीवास्तव, डॉ. प्रखर श्रीवास्तव और डॉ. संजय आदमने की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन शीतल काकडे ने शानदार ढंग से किया, जबकि प्रतियोगिता में मनीषा कुलकर्णी और सुनील रहाटे ने परीक्षक की भूमिका निभाई। इस आयोजन की सफलता में अनुश्री ढोहे, मृणालिनी बागडर्दे, नीलकांत देशमुख, शेखर अग्रवाल, विपिन जुमडे, अजय देशमुख, आदिती देशमुख, नरेश, अक्षय काटपातळ और डॉ. करतारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। "सुरांजलि 2025" प्रतियोगिता ने संगीत प्रेमियों को एक यादगार संगीतमय अनुभव प्रदान किया और लता मंगेशकर के अमर गीतों को नई पीढ़ी के बीच जीवंत बनाए रखा।

भारत विद्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

हिंगनघाट.

स्थानीय भारत विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विज्ञान विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय की पर्यवेक्षक नीलाक्षी बुरिले ने कहा कि महिलाओं के संघर्ष, त्याग और उनकी उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, खेल और व्यवसाय सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता की मिसाल पेश कर रही हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य हरीश भट्टड़, उप प्राचार्य किशोर चावरे, शिक्षिका मनीषा कोंडावार समेत अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर निकिता कामडी ने सभी को महिला सम्मान की शपथ दिलाई, जिससे उपस्थित लोगों में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ी। विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने न केवल महिलाओं के प्रति सम्मान और आदर व्यक्त किया, बल्कि छात्र-छात्राओं को भी प्रेरित किया कि वे समाज में महिलाओं की भूमिका को सराहें और उनके उत्थान में योगदान दें।

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में काव्य सम्मेलन आयोजित

वर्धा.

महाराष्ट्र सरकार के राज्य मंत्री डॉ. पंकज भोयर की संकल्पना के तहत पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में एक भव्य देशभक्ति काव्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 23 फरवरी 2025 को हेरिटेज ग्रैंड में आयोजित किया गया था।

इस काव्य सम्मेलन की अध्यक्षता प्रसिद्ध मराठी कवि विद्यानंद हाडके ने की। कार्यक्रम में मराठी एवं हिंदी भाषा के कई ख्याति प्राप्त कवियों ने हिस्सा लिया। मराठी कवियों में कविता कोडगिरवार, प्रीति वाडीभस्मे, प्रकाश बंसोड, तेजस भातकुलकर शामिल थे, जबकि हिंदी कवियों में हिंदी विश्वविद्यालय के डॉ. रामानुज आस्थाना, एडवोकेट अनिकेत तापड़िया और शांतिलाल कोचर ने भाग लिया।

सभी कवियों ने अटलजी और देशभक्ति के साथ-साथ ग़ज़ल के आधार पर भी अपनी कविताओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन पवन बोधनकर ने किया, जबकि प्रस्तावना श्रीधर देशमुख ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर वर्धा के प्रसिद्ध चित्रकार आशीष पोहाने ने अटलजी की लाइव पेंटिंग बनाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके अलावा, पिंपलकर और सागर संगीत ने अटलजी की कविताओं को संगीतबद्ध कर गीत के रूप में प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अंत में राहुल चोपड़ा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रधानमंत्री राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के डॉ. हेमचंद्र वैद्य और संजय इंगले तिगावकर का विशेष सहयोग रहा।

इस अवसर पर पूर्व सांसद सुरेश वाघमारे, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनीलजी गफाट, महामंत्री गुंडु कावले, राहुल चोपड़ा, श्रीधर देशमुख, नीलेश किटे, अर्चना वानखेडे, वैशाली येरावार, श्रेया देशमुख, श्रीधर डोंगरे, मिलिंद भेंडे, शशिकांत बिंदलकर और सारंग नेवारे सहित भाजपा के कई पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

ब्रह्माकुमारी सेंटर पर मनाई गई शिवरात्रि

वर्धा.

ब्रह्माकुमारी सेंटर, देवली में गुरुवार को शिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में समाजसेवी मोहन अग्रवाल ने कहा कि शिवरात्रि का वास्तविक जागरण रातभर जागकर नहीं, बल्कि आत्मा की ज्योति को प्रज्वलित कर जीवन की बुराइयों को त्यागने में है। शिव परमात्मा की उपासना का सही स्वरूप केवल व्रत और उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि हमें अपने भीतर के पांच बुरे विचारों को छोड़कर सत्कर्म करने चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि शिवजी कल्याण के देवता हैं, इसलिए जब हम शिवलिंग पर जल चढ़ाते हैं, तो हमें सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के कल्याण और शांति की प्रार्थना करनी चाहिए। यही सच्ची शिव आराधना होगी। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेंटर, वर्धा की मधु दीदी, माउंट आबू से आए अरविंद, ओमप्रकाश, सुनील, देवली की पूर्व नगराध्यक्ष सुचिता ताई मडावी और देवली सेंटर की प्रभारी ब्र. कु. ममता दीदी मुख्य मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद "ओम नमः शिवाय" और "हर हर महादेव" गीतों पर कु. माही और कु. भक्ति ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। उनकी प्रस्तुति के लिए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्र. कु. मधु दीदी ने शिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को समझाते हुए बताया कि शिव और शंकर में अंतर है। शिव निराकार हैं, इसलिए उन्हें "शिव परमात्माय नमः" कहा जाता है, जबकि शंकर को "शंकर देवताय नमः" कहा जाता है। उन्होंने कहा कि हम शिवलिंग पर बेलपत्र, जल, दूध और फूल चढ़ाते हैं, लेकिन शिव के वास्तविक स्वरूप को नहीं जानते। इस गूढ़ सत्य को समझने के लिए ब्रह्माकुमारी विद्यालय से जुड़ना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन ब्र. कु. ममता दीदी ने किया और आभार प्रदर्शन लीना दीदी ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में बहन अनीता, आशा, रत्नमाला, रंजना, उषा, भारती और सुधाकर भाई समेत अन्य सदस्यों ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी को अल्पाहार वितरित किया गया।

समृद्धि हाईवे पर भीषण एक्सिडेंट, दो की मौत और 10 घायल

घायलों का जालना में चल रहा इलाज

बुलढाणा.

यवतमाल से शिरडी जा रहे श्रद्धालुओं की कर आज शनिवार सुबह 8 बजे के आसपास दुर्घटना का शिकार हो गई. बुलढाणा जिले के सिंदखेड़राजा के पास मालसावर गांव में मुंबई कॉरिडोर पर क्रूजर एक गंभीर दुर्घटना का शिकार हो गई। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और 10 से 12 श्रद्धालु घायल हो गए। इस हादसे में घायल हुए 9 लोगों का जालना के जिला सामान्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं इनमें से तीन की हालत गंभीर है। सुबह 12 से 15 श्रद्धालु क्रूजर कार में सवार होकर

कार का टायर फट गया : शिरडी जा रही इस क्रूजर कार का टायर फट गया और चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार पलट गई। तभी पीछे से आ रही एक क्रेटा कार ने क्रूजर को टक्कर मार दी। सौभाग्य से क्रेटा कार में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

यवतमाल से शिरडी के लिए रवाना हुए। इसी दौरान सिंदखेड़राजा इलाके में समृद्धि हाईवे पर कार का टायर फटने से हादसा हो गया। इस घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें एक महिला और एक पुरुष समावेश है।

मौजा कोल्ही में पुलिस ने दोपहिया वाहन से गांजा बरामद किया

वडनेर.

पुलिस ने 6 मार्च को दोपहर करीब 4 बजे मौजा कोल्ही में एक विशेष सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक दोपहिया वाहन से गांजा बरामद किया। यह कार्रवाई पुलिस स्टेशन वडनेर के अंतर्गत की गई।

जानकारी के अनुसार, आरोपी राजू पाझारे की दोपहिया वाहन की तलाशी लेने पर पुलिस को वाहन की सीट में गांजा छिपाने का संदेह हुआ। जब सीट को काटकर जांच की गई, तो उसमें से 166 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से कुल 43,320 रुपए मूल्य का माल जब्त कर लिया है और आरोपी के खिलाफ वडनेर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

आर. एस. बिडकर कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन

बीस साल बाद एक साथ आए पूर्व विद्यार्थी

हिंगनघाट.

स्थानीय आर. एस. बिडकर कॉलेज में पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर प्रो. डॉ. शरद विहिरकर, एनएएसी समन्वयक प्रो. डॉ. अनिल बभले, प्राध्यापक डॉ. राजू निखाडे, प्राध्यापक डॉ. मिलिंद तेलंग सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पूर्व विद्यार्थियों को उनके कॉलेज जीवन की यादें ताजा कराने और पुराने मित्रों से पुनः मिलने का अवसर प्रदान करना था। व्यस्त जीवनशैली के बावजूद, सभी पूर्व छात्रों ने अपने पुराने दिनों को याद किया और एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए। वर्षों की मेहनत और संघर्ष के बाद आज ये विद्यार्थी अपने-अपने क्षेत्रों में सफलता की ऊंचाइयों को छू चुके हैं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत और सरस्वती पूजन से हुई। इसके बाद कॉलेज के प्राध्यापकों को शॉल और उपहार देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने विभिन्न



प्रतियोगिताओं में भाग लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान, प्राध्यापकों ने भी अपने अनुभव साझा किए और विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अभय दांडेकर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन दीप्ति ढोंडल और प्रमोद टिपले ने प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सतीश चौधरी, अनिल मानकर, योगिता बुरीले, रश्मि येनोरकर, मंगला धोटे, क्रुणाल दुर्ग, रितेश चिंचोलकर, सुमंत वाकडे, राजू टिचकुले, शिलवान फुलकर, दिशा वानखेड़े, विजय कोटकर सहित कई पूर्व विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस मिलन समारोह में बड़ी संख्या में पूर्व छात्र उपस्थित रहे और सभी ने इसे एक यादगार पल के रूप में संजो लिया।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई

एम.डी. विक्रेता रंगे हाथ गिरफ्तार

हिंगनघाट. पुलिस के गुन्हे प्रगटीकरण पथक ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एम.डी. (मेफेड्रोन) ड्रग्स बेचने वाले आरोपी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम पेट्रोलिंग के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर न्यू म्युनिसिपल शाला परिसर में पहुंची और वहां एम.डी. पाउडर की बिक्री कर रहे स्वागत दुर्गा प्रसाद यादव (उम्र 24 वर्ष, निवासी रामनगर वार्ड, हिंगणघाट) को रात 1:30 से 2:00 बजे के बीच दबोच लिया। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान 5 ग्राम एम.डी. पाउडर (कीमत 25,000 रुपये), एक इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटा (1,000 रुपये) और नगद 2,920 रुपये बरामद किए। इस तरह पुलिस ने कुल 27,400 रुपये का मुद्देमाल जब्त किया।

होली पर स्पेशल बस सर्विस शुरू

> 8 से 18 मार्च तक चलेंगी 921 बसें

लखनऊ.

होली के मौके पर घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने विशेष तैयारी की है। 8 से 18 मार्च तक 921 स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा, जिससे यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा, आपातकालीन स्थिति के लिए 50 अतिरिक्त बसों को आरक्षित रखा गया है। परिवहन विभाग की ओर से 24 घंटे बसों की मॉनिटरिंग की जाएगी, जिससे किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

होली पर उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की भारी आवाजाही होती है। इसे ध्यान में रखते हुए रोडवेज विभाग ने इस बार 921 स्पेशल बसें चलाने का निर्णय लिया है। इनमें लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, आगरा, मेरठ, झांसी, बरेली और मुरादाबाद जैसे प्रमुख शहरों से बस सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। यह बसें मुख्य रूप से उन यात्रियों के लिए फायदेमंद होंगी, जिन्हें होली पर अपने गांव या शहर वापस जाना है। उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग ने यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दी है। विभाग द्वारा विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो 24 घंटे बसों की निगरानी करेगा। किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए जाएंगे। परिवहन विभाग ने भीड़भाड़ वाले समय में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 50 बसों को आरक्षित रखा है। इन बसों को जरूरत के हिसाब से तत्काल सेवा में लगाया जाएगा ताकि यात्रियों को कोई परेशानी न हो। परिवहन निगम ने ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा भी प्रदान की है। इसके लिए यूपी रोडवेज की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल ऐप का उपयोग किया जा सकता है। इसके अलावा, टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जहां यात्री अपनी शिकायतें या सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

होली पर परिवहन विभाग की खास पहल

परिवहन मंत्री ने कहा कि इस बार यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी यात्री बिना बस के न रहे। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे अधिक भीड़भाड़ वाले समय में संयम बनाए रखें और बसों में अनुशासन बनाए रखें।

महिला दिवस पर उपजिला अस्पताल में शिविर का आयोजन

कामठी.

विश्व महिला दिवस के उपलक्ष पर जिला शल्य चिकित्सक सर्वोपचार अस्पताल, नागपुर के अंतर्गत राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग उपचार शिविर का आयोजन उपजिला अस्पताल, कामठी में किया गया। शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, नेत्र रोग जांच, संपूर्ण रक्त परीक्षण और उपचार किया गया। एनसीडी में 415 महिलाओं की चिकित्सा जांच की गई और स्तन, गर्भाशय ग्रीवा और मौखिक कैंसर की जांच की गई, उन पर औषधीय उपचार किया गया और चिकित्सा सलाह दी गई। उप जिला अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नयना धुमाले (दुपारे) के मार्गदर्शन और सहयोग में डॉ. प्रशांत डांगोरे, अमोल काले, एनसीडी टीम के डॉ. स्वाति, डॉ. दानिश इकबाल, डॉ. विनोद पाकधुने, डॉ. पूर्वली काटकर, श्रीमती वनिता चव्हाण, युवराज चव्हाण के सहयोग से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही, महिला दिवस पर अस्पताल की महिलाओं को पुष्पगुच्छ देकर महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

डीसीपी कदम ने पत्रकारों से सद्भावना भेंट पर गरुड़ दृष्टि के बारे में दी जानकारी

कामठी.

नवीन कामठी थाना में नागपुर शहर पुलिस परिमंडल क्र पांच के उपायुक्त निकेतन कदम ने शनिवार को पत्रकारों से सद्भावना भेंट दौरान बताया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, अश्लील और भय पैदा करने वाली सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए जोन 5 पुलिस ने गरुड़ दृष्टि (ईगल आई) नामक एक समर्पित निगरानी पहल शुरू की है। जिसमें साइबर टीम की विशेषज्ञता का उपयोग करके ऐसी सामग्री पोस्ट करने वाले व्यक्तियों को ट्रैक करने और उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए यह उपक्रम पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल के नेतृत्व में लॉन्च किया गया है।

इस गरुड़ दृष्टि उपक्रम के तहत, ऐसे वीडियो अपलोड करने वाले नाबालिगों को औपचारिक चेतावनी दी जाती है और उनके माता-पिता को ज़िम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार सिखाने के लिए परामर्श दिया जाता है। इस बीच, 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को उनकी सामग्री की प्रकृति के आधार पर कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है, साथ ही उन्हें भविष्य में ऐसी गतिविधियों से दूर रहने का आश्वासन भी दिया जाता है। डीसीपी निकेतन कदम ने पत्रकारों से कहा कि वे सोशल मीडिया पर पाई जाने वाली किसी भी आपत्तिजनक या विचलित करने वाली सामग्री की सूचना निकटतम पुलिस थाने में दें। ताकि उन पर अविलंब उचित कार्रवाई की जा सके।

ज्ञात हो कि यह पहल साइबर टीम की सहायता से संयुक्त सीपी निसार तंबोली और अतिरिक्त सीपी (उत्तरी प्रभाग) प्रमोद कुमार शेवाले के मार्गदर्शन में एवं डीसीपी निकेतन कदम द्वारा प्रयासों की देखरेख की जा रही है। सद्भावना भेंट दौरान नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले सहित अन्य पुलिस अधिकारी प्रमुखता से उपस्थित रहे।

श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

सौंसर.

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव भक्ति और श्रद्धा के वातावरण में मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इसी संदर्भ में मंगलवार को शहर के सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में समिति पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर में लाइटिंग, स्थायी एवं चलित झांकी, पुरस्कार वितरण सहित अन्य तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में समिति अध्यक्ष अजय अढाऊ, संजय राठी, पिंटू मानेकर, इंदरचंद डागा, मारोती लोनारे, चंदू केलकर, उदय ढाले, नरेश बोडखे, अशोक राठी, नरेश राठी, नीरज पूरी, बबलू उमाठे, नीलेश खंडाईत, संजय जायसवाल, सुनील भानगे, एकनाथ सूर्यवंशी, संजय चावके, दर्शन झाड़े, ओम बागानी, मुन्ना आप्पा ठोंबरे, प्रशांत तुपकर, शैलेश केलकर, तनुल सूर्यवंशी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समिति सदस्य नीलेश जुननकर को चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक ट्रस्ट कमेटी का सदस्य बनाए जाने पर शाल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष अजय अढाऊ ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को भव्य और श्रद्धामय वातावरण में मनाने के लिए नगर की सजावट, लाइटिंग, स्थायी झांकी, चल झांकी, राम जन्म उत्सव समारोह एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' पर विशेष प्रस्तुतीकरण

सौंसर.

शिक्षा क्षेत्र में सुधार और उन्नति के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। इसी संदर्भ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जी.एच. रायसोनी विश्वविद्यालय, साईखेड़ा में एक विशेष प्रस्तुतीकरण आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. मीणा राजेश, कुलसचिव डॉ. श्रीराम जोशी, नोडल अधिकारी एवं डीन डॉ. मनोहर गोलाईत, तथा डीन एकेडेमिक्स डॉ. श्रीकांत थोटे की उपस्थिति रही। नई शिक्षा नीति 2020 के मार्गदर्शन में सारथी दिव्या लोनारे और केयूर शेरके ने इस विषय पर विस्तृत प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के 200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान छात्रों को नई शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं, इसके लाभ और प्रभावों की गहन जानकारी दी गई। छात्रों ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किए और जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस प्रकार के शैक्षणिक जागरूकता कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने का संकल्प लिया, जिससे छात्रों को नवीनतम शैक्षिक नीतियों और अवसरों की सही जानकारी मिल सके।

शासकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

> महिला शक्ति का इतिहास में बहुमूल्य योगदान, सामाजिक नेतृत्व में भी आगे

सौंसर.

शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा में शासन के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता और विशेष व्याख्यान शामिल थे।

कार्यक्रम में विशेष व्याख्यान डॉ. अनूप कुमार ने दिया, जिन्होंने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसके महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य लड़कियों की सुरक्षा और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

उन्होंने संविधान द्वारा महिलाओं को मिले विशेष अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक महिला को सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि सामाजिक नेतृत्व में भी आगे आना चाहिए।

महाविद्यालय के प्राचार्य अमोल पाटिल ने महिलाओं के ऐतिहासिक योगदान और नैतिकता के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, अजय गिरी और सोहन सिंह धुर्वे ने महिलाओं के खेलों के प्रति बढ़ते रुझान और उनके उज्ज्वल भविष्य पर मार्गदर्शन दिया।

प्रणाली वाघमारे ने महिलाओं की विभिन्न भूमिकाओं को मराठी कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने सराहा। रंगोली प्रतियोगिता में मृणाली डोंगरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अपर्णा बावने द्वितीय और आरती उइके तृतीय स्थान पर रहीं।

कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. विजयश्री बागड़े ने मंच संचालन किया और विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण का संदेश दिया गया, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार हुआ।

फिर पानी की कमी से जूझ रहे मेलघाट के गांव

अमरावती. गर्मी की तपिश बढ़ते ही मेलघाट में पानी की कमी सिर उठाने लगी है। वहीं बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पानी के लिए भटकने लगे हैं। मार्च के अंत तक करीब 200 गांवों को पानी की कमी के भीषण संकट से जूझना पड़ेगा और हर साल की तरह इस भी इसके उपायों की तैयारी चल रही है।

मेलघाट के चिखलदरा और धारणी तहसील में लगभग 350 गाँव। कई गांव पहाड़ी ढलानों पर हैं। जिले में सर्वाधिक वर्षा चिखलदरा में होती है। अक्सर सूर्य 80 से 90 दिनों तक दिखाई नहीं देता है। लेकिन इसी तहसील में आदिवासी पाड़ा, टांडा बस्तियों में गर्मियों में पानी की भारी कमी महसूस की जाती है।

यहां के आदिवासियों को पानी के लिए अलग-अलग दिशाओं में भटकना पड़ता है। गर्मियों में रात-रात भर जागकर पानी भरने की भयावह स्थिति देखने को मिलती है। हालाँकि, प्रशासन जल्दबाजी में कदम उठाकर समय बर्बाद करता है। अधिकारी अस्थायी कदम उठाते हैं और स्थिति जस की तस बनी रहती है। मेलघाट के खडीमल, माखला, चुनखड़ी, हातरू, नवलगांव, बिच्छूखेड़ा, सोनापुर, सलीता, सुमिता, पाचडोंगरी, मोथा और विदर्भ का स्वर्ग कहे जाने वाले चिखलदरा शहर सहित कई गांवों में साफ पानी की भारी कमी है।

एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के नाम पर 45 लाख की ठगी

नागपुर.

पाचपावली पुलिस ने एक बड़े वित्तीय घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसमें एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के नाम पर निवेशकों से लाखों रुपये की ठगी की गई। इस मामले में तीन आरोपियों ने मिलकर एक फर्जी फिक्स्ड डिपॉजिट स्कीम चलाई, जिसमें ग्राहकों को 10% अधिक रिटर्न का लालच दिया गया।

आरोपी आशिष यशवंत जोगे (40) जरीपटका निवासी, और स्वप्नील संतोष लांजेवार इंदोरा चौक पर एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र चला रहे थे। इनके साथ दत्ता पांचाल नामक व्यक्ति भी सहयोग कर रहा था। 2019 से 2025 तक, इन आरोपियों ने फर्जी स्कीम के तहत लोगों से 45,23,350 रुपये वसूले और एसबीआई का बनावटी लोगो इस्तेमाल करके नकली रसीदें जारी कीं। पीड़ितों में शामिल संगीताकुमारी कटोच (55) गुरुनानक नगर, लष्करीबाग निवासी और अन्य 35 लोगों ने जब अपनी जमा राशि वापस मांगी, तो उन्हें पैसे नहीं लौटाए गए। इसके बाद, पीड़ितों ने 25 फरवरी 2025 को पाचपावली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले में धारा 318(4), 336(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2) भारतीय न्याय संहिता और महाराष्ट्र ठेवीदार संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। फिलहाल, मुख्य आरोपी आशिष जोगे को गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

हर घर नल योजना में लापरवाही, ग्रामीणों को हो रही परेशानी

सौंसर.

बिछुआ बग्गू विकासखंड के ग्राम पंचायतों में हर घर नल योजना के तहत किए गए पाइपलाइन विस्तार कार्यों में ठेकेदार की लापरवाही सामने आ रही है। ठेकेदार की मनमानी से किए गए घटिया कार्यों के कारण ग्रामीणों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई जगह पाइपलाइन में लीकेज होने से जल वितरण बाधित हो गया है।

ग्राम पंचायत बिछुआ बग्गू के ग्रामीण पिछले एक सप्ताह से इस समस्या से जूझ रहे हैं, जहां आधे गांव में पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद हो गई है। इस समस्या को लेकर गांव के सरपंच प्रमोद पातुरकर और अन्य ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों के अनुसार, जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत करीब चार माह पहले गांव में जल वितरण टंकी और पाइपलाइन विस्तार का कार्य किया गया था। लेकिन ठेकेदार द्वारा घटिया गुणवत्ता की पाइप बिछाई गई, जिससे जगह-जगह लीकेज की समस्या हो रही है।

सबसे बड़ी समस्या यह है कि टंकी में पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइप भी फूटी हुई है, जिससे टंकी में पर्याप्त जल संचयन नहीं हो पा रहा है। सरपंच प्रमोद पातुरकर ने बताया कि उन्होंने संबंधित ठेकेदार से पाइपलाइन की मरम्मत करने को कहा, लेकिन उसने साफ मना कर दिया। ठेकेदार की इस लापरवाही से पूरा गांव जल संकट से जूझ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस समस्या का समाधान कब तक करता है।

धनोज कुनबी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन 16 को

सौंसर. हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धनोज कुनबी समाज संगठन सौसर द्वारा वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन 16 मार्च को मां भगवती मंगल कार्यालय, बोरगांव में संपन्न होगा। संगठन के अध्यक्ष युवराज वासाडे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित नेता एवं समाजसेवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इनमें मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, चंद्रपुर जिले की सांसद प्रतिभा ताई बाला भाऊ धानोरकर, छिंदवाड़ा के सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व राज्य शिक्षा मंत्री नाना भाऊ मोहोड, सौसर विधायक विजय चौरे, राजुरा विधायक देवराव भोंगडे, वणी विधायक संजय देरकर और विधायक विधान परिषद सुधाकर अडबाले सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे।

वलसाड इलाके में लगी भीषण आग

15 से ज्यादा कबाड़ गोदाम जलकर खाक

वलसाड.

वलसाड में भीषण अगलगी की घटना हुई है। जिले के वापी इलाके में कबाड़ के गोदाम में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि इसकी लपटे काफी दूर से नजर आ रही थी। आग ने अपनी चपेट में 15 से ज्यादा कबाड़ के गोदाम को ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल की 10 गाड़ियां मौके पर पहुंची।

गुजरात के वलसाड जिले के वापी इलाके में भीषण आग लग घई। आग में 15 से ज्यादा कबाड़ के गोदाम जल कर खाक हो गए। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पार काबू पाने की प्रयास में जुटी। आग इतनी भीषण थी इसके लपटे काफी दूर से दिखाई रही है। आग की ऊंची- ऊंची लपटें गोदाम से निकल रही थी।

इसस पहले शुक्रवार को गुजरात के गांधीधाम में कामधेनु गौ सेवा ट्रस्ट में आग लगी थी। वहीं 4 मार्च को गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक पुरानी इमारत में आग लगी थी। जहां दमकल की गाड़ियों ने 5 से 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया धा।

न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार गोधरा के अग्निशमन अधिकारी मुकेश भाई चावरा ने बताया कि उन्हें रात के करीब 1 बजे रेलवे स्टेशन के पास आग की सूचना मिली। मौके पर घटनास्थल पहुंचने पर आग बहुत भीषण थी और चार दुकानें भी चपेट में आ गई थी। साथ ही पीछे की तरफ 5 से 6 घरों को भी आग ने अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने बताया कि करीब 1 बजे के आग लगी और सुबह 5 बजे तक काबू पाया गया।

15 से ज्यादा गोदाम जलकर खाक

राहत की बात रही कि कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया गै। अग्निशमन अधिकारी रमन परमार ने कहा, "हमें रात करीब 3:20 बजे आग लगने की सूचना मिली। अब तक 10 से ज्यादा गोदाम पूरी तरह जल चुके हैं। यह प्लास्टिक और कबाड़ का गोदाम था, हमने 2 घंटे में आग पर काबू पा लिया, आग अभी भी काबू में है। कोई जनहानि नहीं हुई है।

सपा की महिलाओं ने चवरे के नेतृत्व में दारू बंदी को लेकर किया प्रदर्शन

नागपुर.

महाराष्ट्र प्रदेश में पूर्ण शराब बंदी की मांग को लेकर शनिवार को जिला कार्यालय के सामने सैकड़ों महिलाएं बैनर, झंडे लेकर सड़क पर उतरीं।

समाजवादी पार्टी महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व कामठी नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष माया चवरे के नेतृत्व में विश्व महिला दिवस पर आयोजित प्रदर्शन कार्यक्रम में शराब बंदी के लिए शहर व आसपास की गांवों से आईं महिलाएं शामिल रहीं। तख्ती, बैनर लिए महिलाएं शराब पीना बंद करो, शराब बेचना बंद करो, शराब ही समाज को खोखला कर रही है आदि स्लोगन लिखी तख्तियां लिए चल रही थीं। महिलाओं ने मुख्यमंत्री देवेंद फडणवीस से महाराष्ट्र में पूर्ण शराब बंदी की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सभा में माया चवरे ने कहा कि आज समाज के ज्यादातर लोग शराब में डूब चुके हैं। इसका खामियाजा महिलाओं को भुगतना पड़ रहा है। महिलाओं के उपर होने वाली घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, बलात्कार,मारपीट आदि का सबसे बड़ा जिम्मेदार शराब है। सभा के अंत में महिलाओं ने तय किया कि गांव- गांव में शराब के खिलाफ अभियान चलाया जायेगा। प्रदेश में शराबबंदी के लिए वर्तमान सरकार समेत सभी पार्टियों को ज्ञापन दिया जायेगा। प्रदर्शन कार्यक्रम में हीरा कावले, लता बोरकर, आशा निमगड़े, शीला गजभिए, अरविंदा शेंडे, सीता राजेस्वर, सुकेशनी शेंडे, वर्षा धवले, वंदना शेंडे, शुभांगी बांते, अजीता बिघाने, प्रतिज्ञा संजयवादी, रत्नमाला बांगसार, दुर्गा बघेले, बक्शी भूरे, प्रेमरूपा खोरकर, आशा खोखले, शांता पराले, जीजा वाघमारे, प्रतिभा वाहाणे आदि महिलाएं प्रमुखता से मौजुद रही।

शुभांक		
श्रीदेवी	345-2	459-8
श्रीदेवी नाईट	234-9	449-7
प्रभात	126-9	578-0
प्रभात नाईट	490-3	-
डायमंड	670-3	458-7
मेन बाजार	-	-
मिलन डे	260-8	470-1
मेन रतन	128-1	334-0
कल्याण	370-0	128-1
राजधानी डे	337-3	247-3
राजधानी नाईट	-	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	257-4	450-9